Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

Code No. **141**

Candidates must write the Code on the title-page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

# HISTORY
# इतिहास

***General Instructions :***

***सामान्य निर्देश :***

***Read the following instructions very carefully and strictly follow them.***

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें एवं पूर्णरूप से उनका अनुपालन करें।***

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum marks : 80*

*निर्धारित समय : 3 घंटे* | *अधिकतम अंक : 80*

**Note / नोट :**

(i) *Please check that this question paper contains **23** printed pages.*
*कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 23 मुद्रित पृष्ठ हैं।*

(ii) *Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
*प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।*

(iii) *Please check that this question paper contains **34** questions.*
*कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।*

(iv) ***Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.***
***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।***

(v) ***15** minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at **10:15** a.m. From **10:15** a.m. to **10:30** a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer in the answer-book during this period.*
*इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में **10:15** बजे किया जाएगा। पूर्वाह्न में **10:15** से **10:30** बजे तक छात्र प्रश्न-पत्र को केवल पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।*

(vi) *This question paper comprises **five Sections - Section A**, **Section B**, **Section C**, **Section D** and **Section E**. **All** questions are **compulsory**.*

*प्रश्न-पत्र को **पाँच** खंडों में विभाजित किया गया है – **खंड क, खंड ख, खंड ग, खंड घ** एवं **खंड ङ। सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

(vii) ***Section A** - Question No. **1** to **21** are Multiple choice questions, carrying **1** mark each.*

***खंड – क** के प्रश्न संख्या **1** से **21** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

(viii) ***Section B** - Question No. **22** to **27** are short answer type questions, carrying **3** marks each. Answer to these questions should not exceed **60** to **80** words.*

***खंड – ख** में प्रश्न संख्या 22 से 27 तक लघुत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **60** व **80** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(ix) ***Section C** - Question No. **28** to **30** are Long answer type questions, carrying **8** marks each. Answer to these questions should not exceed **300** to **350** words.*

***खंड – ग** में प्रश्न संख्या 28 से **30** तक दीर्घउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **300** व **350** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(x) ***Section D** - Question No. **31** to **33** are Source based questions, with three sub-questions and carrying **4** marks each.*

***खंड – घ** में प्रश्न संख्या **31** से 33 तक स्रोत आधारित प्रश्न हैं, जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का हैं।*

(xi) ***Section E** - Question No. **34** is map-based question, carrying **5** marks that includes the identification and locations of significant test items.*

***खंड – ङ** में प्रश्न संख्या **34** मानचित्र-आधारित प्रश्न है, जो 5 अंक हैं जिसमें महत्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं।*

(xii) *Answer should be as per the weightege of the question also, the above word-limit should be adhered to, as far as possible.*

*उत्तर अंक-भार के अनुसार होना चाहिए और साथ ही उपरोक्त शब्द-सीमा का यथासंभव पालन कीजिए।*

(xiii) *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in some questions. Only one of the choices in such questions have to be attempted.*

*प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है। तथापि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर लिखिए।*

(xiv) *Cut the MAP from your question paper and attach it with your answer book.*

*प्रश्न पत्र के अंत में दिए गए मानचित्र को काट कर अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।*

(xv) *In addition to this, read the given separate instructions with each section and question.*

*इसके अतिरिक्त, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देशों को पढ़िए।*

## SECTION - A

## खंड – क

**MULTIPLE CHOICE QUESTIONS** **21x1=21**

**बहु विकल्पीय प्रश्न**

**1.** For which of the following materials Shortughai, a Harappan site was famous ? **1**

(A) Carnelian (B) Steatite

(C) Lapis Lazuli (D) Iron

शोर्तुघई एक हड़प्पा पुरास्थल निम्नलिखित में से किस सामग्री के लिये प्रसिद्ध था ?

(A) कार्नेलियन (B) सेलखड़ी

(C) लाजवर्द मणि (D) लोहा

**2.** Choose the **incorrect** option from the following. **1**

| | **(Travellers)** | | **(Native region)** |
|---|---|---|---|
| (A) | Al Biruni | - | Uzbekistan |
| (B) | Ibn Battuta | - | Morocco |
| (C) | Abd-al-Razzaq | - | Samarqand |
| (D) | Francois Bernier | - | Portugal |

निम्नलिखित में से **गलत** विकल्प का चयन कीजिए।

| | (**यात्री**) | | (**स्थानीय क्षेत्र**) |
|---|---|---|---|
| (A) | अल बिरुनी | – | उज़्बेकिस्तान |
| (B) | इब्न बतूता | – | मोरक्को |
| (C) | अब्द–अल–रज़्ज़ाक | – | समरकंद |
| (D) | फ्रांस्वा बर्नियर | – | पुर्तगाल |

**3.** Fill in the blank with the suitable option given below. **1**

__________ was known as globe trotter.

(A) Duarte Barbosa

(B) Ibn Battuta

(C) Al Biruni

(D) Peter Mundi

रिक्त स्थान की पूर्ति उपयुक्त विकल्प के साथ कीजिये।

__________ विश्वयात्री के रूप में जाने जाते थे।

(A) दूरते बारबोसा

(B) इब्न बतूता

(C) अल बिरूनी

(D) पीटर मुंडी

**4.** Arrange the following rulers in the chronological order and chose the **correct** option. **1**

(i) Harshvardhna

(ii) Samudragupta

(iii) Chandragupta Maurya

(iv) Ajatasattu

**Options :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv)

(B) (iv), (iii), (ii), (i)

(C) (iii), (ii), (iv), (i)

(D) (ii), (iv), (iii), (i)

निम्नलिखित शासकों को कालानुक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और **सही** विकल्प का चयन कीजिए।

(i) हर्षवर्धन

(ii) समुद्रगुप्त

(iii) चंद्रगुप्त मौर्य

(iv) अजातसत्तु

**विकल्प :**

(A) (i), (ii), (iii), (iv)

(B) (iv), (iii), (ii), (i)

(C) (iii), (ii), (iv), (i)

(D) (ii), (iv), (iii), (i)

5. Match **Column-I** with **Column-II** and choose the **correct** option. 1

| | *Column-I* | | *Column-II* |
|---|---|---|---|
| | *Scholars* | | *Work* |
| (a) | Bharata | (i) | Ashtadhyayi |
| (b) | Sushruta | (ii) | Harshacharita |
| (c) | Panini | (iii) | Sushruta Samhita |
| (d) | Banbhatta | (iv) | Natyashastra |

**Options :**

(A) (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(ii)

(B) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iv)

(C) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)

(D) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)

**स्तंभ–I** का मिलान **स्तंभ–II** से कीजिए और **सही** विकल्प का चयन कीजिए।

| | *स्तंभ-I* | | *स्तंभ-II* |
|---|---|---|---|
| | *विद्वान* | | *कार्य* |
| (a) | भरत | (i) | अष्टाध्यायी |
| (b) | सुश्रुत | (ii) | हर्षचरित |
| (c) | पाणिनी | (iii) | सुश्रुत संहिता |
| (d) | बाणभट्ट | (iv) | नाट्यशास्त्र |

**विकल्प :**

(A) (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(ii)

(B) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iv)

(C) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)

(D) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)

**6.** Choose the correctly matched pair. **1**

| | *List-I* *Early States* | | *List-II* *Capital* |
|---|---|---|---|
| (A) | Magadha | - | Rajgir |
| (B) | Kuru | - | Kaushambi |
| (C) | Gandhara | - | Indraprastha |
| (D) | Panchala | - | Kushinagar |

सुमेलित युग्म का चयन कीजिए।

| | *सूची-I* *आरंभिक राज्य* | | *सूची-II* *राजधानी* |
|---|---|---|---|
| (A) | मगध | - | राजगीर |
| (B) | कुरु | - | कौशम्बी |
| (C) | गांधार | - | इंद्रप्रस्थ |
| (D) | पंचाल | - | कुशीनगर |

**7.** Identify the archaeologist with the help of the following information. **1**

(i) He was the first professional archaeologist to work in India.

(ii) He brought his experience of working in Greece and crete to the field.

(A) Daya Ram Sahni (B) Rakhal Das Banerji

(C) John Marshall (D) R.E.M. Wheeler

निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पुरातत्वविद् की पहचान कीजिए।

(i) वे भारत में कार्य करने वाले पहले पेशेवर पुरातत्वविद् थे।

(ii) वे यहाँ यूनान तथा क्रीट में अपने कार्यों का अनुभव भी लाए।

(A) दया राम साहनी (B) राखाल दास बनर्जी

(C) जॉन मार्शल (D) आर.ई.एम. व्हीलर

8. Who amongst the following Delhi Sultans visited the shrine of Khwaja Muinnuddin Sijzi ? **1**

(A) Ghiyasuddin Tughlaq (B) Firoz Shah Tughlaq

(C) Muhammad Bin Tughlaq (D) Jalaluddin Khilji

निम्नलिखित में से ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर जाने वाले दिल्ली के पहले सुल्तान कौन थे ?

(A) गियासुद्दीन तुगलक (B) फिरोज़ शाह तुगलक

(C) मुहम्मद बिन तुगलक (D) जलालुद्दीन खिलजी

9. Which of the following rulers issued gold coins for the very first time in first century C.E ? **1**

(A) Gupta rulers (B) Maurya rulers

(C) Kushana rulers (D) Yaudheya rulers

निम्नलिखित में से प्रथम शताब्दी ई.पू. में सोने के सिक्के जारी करने वाले पहले शासक कौन थे ?

(A) गुप्त शासक (B) मौर्य शासक

(C) कुषाण शासक (D) यौधेय शासक

**10.** Choose the **correct** option from the following regarding the Sculptural features of Sanchi Stupa. **1**

| | **(Sculpture)** | **(Meaning)** |
|---|---|---|
| (A) | Empty Seat | Meditation of Buddha |
| (B) | Wheel | Good fortune |
| (C) | Shalabhanjika | Mahaparinibbana |
| (D) | Gajalakshmi | First sermon of Buddha |

सांची स्तूप की मूर्तिकला की विशेषताओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से **सही** की पहचान कीजिए।

| | **(मूर्तिकला)** | **(अर्थ)** |
|---|---|---|
| (A) | रिक्त स्थान | बुद्ध के ध्यान की दशा |
| (B) | चक्र | शुभ सौभाग्य |
| (C) | शालभंजिका | महापरिनिब्बान |
| (D) | गजलक्ष्मी | बुद्ध का पहला उपदेश |

**11.** In the popular traditions of Vijayanagara the Deccan Sultan were termed as : **1**

(A) Ashvapati (B) Gajapati

(C) Gahapati (D) Kudirai chettis

विजयनगर की लोक प्रचलित परंपराओं में दक्कन के सुल्तानों को कहा जाता था :

(A) अश्वपति (B) गजपति

(C) गहपति (D) कुदिरई चेट्टी

**12.** Who amongst the following was the founder of 'Virashaiva movement' ? **1**

(A) Appar (B) Andal

(C) Sambandar (D) Basavanna

निम्नलिखित में से कौन 'वीरशैव आंदोलन' के संस्थापक थे ?

(A) अप्पार (B) अण्डाल

(C) संबंदर (D) बासवन्ना

**13.** Krishndeva Raya belonged to which of the following dynasties ? **1**

(A) Sangama (B) Tuluvas

(C) Saluvas (D) Aravidu

निम्नलिखित में से कृष्णदेवराय किस वंश से संबंधित थे ?

(A) संगम (B) तुलुव

(C) सुलुव (D) अराविदु

**14.** Which of the following parts of Akbar-Nama was a compendium of imperial fiscal rules ? **1**

(A) Manzil-abadi (B) Mulk-abadi

(C) Raqs-Abadi (D) Sipah-abadi

निम्नलिखित में से अकबर-नामा का कौन सा भाग शार्घ वित्तिय नियमों में संकलित किया गया ?

(A) मंज़िल-आबादी (B) मुल्क-आबादी

(C) रक्स-आबादी (D) सिपह-आबादी

**15.** Which of the following was the official profession of Francis Buchanan ? **1**

(A) Governor General (B) Physician

(C) Historian (D) Sculptor

निम्नलिखित में से फ्रांसिस बुकानन का आधिकारिक व्यवसाय कौन-सा था ?

(A) गवर्नर जनरल (B) चिकित्सक

(C) इतिहासकार (D) शिल्पकार

**16.** Identify the ruler of 1857 for whom this phrase "the life was gone out of the body" was used ? **1**

(A) Tatya Tope (B) Rani Laxmi Bai

(C) Nawab Wazid Ali Shah (D) Peshwa Baji Rao

1857 के उस शासक की पहचान कीजिए जिसके संदर्भ में यह बोला गया, कि ''देह से जान जा चुकी है'' ?

(A) तात्या टोपे (B) रानी लक्ष्मी बाई

(C) नवाब वाजिद अलीशाह (D) पेशवा बाजीराव

**17.** Which of the following regions was called "The nursery of the Bengal army" ? during 1850's ? **1**

(A) Jhansi (B) Awadh

(C) Kanpur (D) Maharashtra

1850 के दशकों के दौरान निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को ''बंगाल आर्मी की पौधशाला'' कहा जाता था ?

(A) झाँसी (B) अवध

(C) कानपुर (D) महाराष्ट्र

**18.** Which of the following movement was initiated in 1942 in India ? **1**

(A) Non Co-operation Movement

(B) Civil Disobedience Movement

(C) Khilafat Movement

(D) Quit India Movement

1942 में भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा आंदोलन शुरू हुआ ?

(A) असहयोग आंदोलन

(B) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(C) खिलाफत आंदोलन

(D) भारत छोड़ो आंदोलन

**19.** Choose the **correct** option after reading the following **Assertion** and **Reason**. **1**

**Assertion (A)** : Charles Cornawallis introduced permanent settlement in Bengal in 1793.

**Reason (R)** : Britishers wanted to enhance revenue and profit from Bengal province.

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **Reason (R)** is the correct explanation of **(A)**.

(B) Both **Assertion (A)** and **Reason (R)** are true but **Reason (R)** is not the correct explanation of **Assertion (A)**.

(C) **Assertion (A)** is true but **Reason (R)** is false.

(D) **Assertion (A)** is false but **Reason (R)** is true.

निम्नलिखित **अभिकथन** तथा **कारण** को पढ़कर **सही** विकल्प चुनिये।

**अभिकथन (A)**: 1793 में बंगाल में चार्ल्स कार्नवालिस ने इस्तमरारी बंदोबस्त शुरू किया।

**कारण (R)**: अंग्रेज, बंगाल प्रांत से राजस्व और लाभ बढ़ाना चाहते थे।

(A) **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** दोनों ही सही हैं, तथा **कारण (R)**, **अभिकथन (A)** की सही व्याख्या है।

(B) **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** दोनों ही सही हैं, परंतु **कारण (R)**, **अभिकथन (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(C) **अभिकथन (A)** सही है, परंतु **कारण (R)** गलत है।

(D) **अभिकथन (A)** गलत है, परंतु **कारण (R)** सही है।

20. Hansa Mehta, the member of the Constituent Assembly belonged to which of the following regions ? **1**

(A) Madras (B) Punjab

(C) Bihar (D) Bombay

हंसा मेहता, संविधान सभा की सदस्या, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित थीं ?

(A) मद्रास (B) पंजाब

(C) बिहार (D) बम्बई

21. Who was the Mughal emperor at the time of revolt of 1857 ? **1**

(A) Akbar (B) Shahjahan

(C) Bahadur Shah (D) Muhammad Shah

1857 की क्रांति के समय मुगल सम्राट कौन था ?

(A) अकबर (B) शाहजहाँ

(C) बहादुर शाह (D) मोहम्मद शाह

## SECTION - B

## खंड – ख

**Short answer type questions** **6x3=18**

**लघु–उत्तरीय प्रश्न**

**22.** Why did Alexander Cunningham miss the significance of Harappa ? Explain. **3**

एलेक्जेंडर कनिंघम हड़प्पा के महत्व को समझने में क्यों चूक गए ? स्पष्ट कीजिए।

**23.** "The mid-first millennium BCE is often regarded as a major turning point in the World History." Justify the statement with suitable arguments. **3**

'विश्व इतिहास में ई.पू. प्रथम सहस्राब्दि के काल को एक महत्वपूर्ण मोड़ माना जाता है।' उपर्युक्त तर्कों के साथ इस कथन को न्यायसंगत ठहराइये।

**24.** (a) How did Ibn Battuta describe the communication system of regions visited by him ? Explain. **3**

इब्न बतूता ने जिन क्षेत्रों की यात्रा की, वहाँ की संचार प्रणाली का वर्णन उसने किस प्रकार किया ? स्पष्ट कीजिए।

**OR/अथवा**

(b) Explain Al Biruni's description of Indian caste system.

अल बिरुनी द्वारा वर्णित भारत की जाति व्यवस्था की व्याख्या कीजिए।

**25.** 'During the seventeenth century several new crops from different parts of the world reached the Indian subcontinent.' Explain the statement with examples. **3**

'सत्रहवीं सदी में दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से कई नई फसलें भारतीय उपमहाद्वीप पहुँची।' उदाहरण सहित एक कथन की व्याख्या कीजिए।

**26.** How did K. Santhanam justify the need for a strong state government during the framing of Indian Constitution ? Explain. **3**

के. सन्तनम ने भारतीय संविधान की रचना के दौरान मजबूत राज्य सरकार की आवश्यकता को क्यों उचित ठहराया ? स्पष्ट कीजिये।

**27.** "The ryots came to see the moneylender as devious and deceitful." Justify the statement in the context of Ryotwari system. **3**

'रैयव ऋणदाता को कुटिल और धोखेबाज समझने लगे थे।' इस कथन को रैयतवारी व्यवस्था के संदर्भ में न्यायसंगत ठहराइये।

**OR/अथवा**

Examine the Ricardo's theory of "average rent".

रिकार्डो के ''औसत लगान'' के सिद्धांत की परख कीजिए।

## SECTION - C

## खंड - ग

**Long Answer type Questions** **3x8=24**

**दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न**

**28.** (a) 'Non Co-operation Movement' became a mass movement : Explain the statement with examples. **8**

'असहयोग आंदोलन' एक जन आंदोलन बन गया, इस कथन की व्याख्या उदाहरणों सहित कीजिये।

**OR/अथवा**

(b) "There are sources from which we can reconstruct the political career of Mahatma Gandhi." Explain with example. **8**

''ऐसे स्रोत उपलब्ध हैं जिनके जरिए हम महात्मा गाँधी के राजनीतिक जीवन का सूत्रबद्ध कर सकते हैं।'' उदाहरण सहित व्याख्या कीजिये।

**29.** (a) Describe the striking features of the Vijayanagara empire that contributed its prominance in South India. **8**

विजयनगर साम्राज्य की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिये जिन्होंने दक्षिण भारत में इसके महत्व को बढ़ाने में योगदान दिया।

**OR/अथवा**

(b) Explain the key features of the royal centre of the Vijayanagara empire. **8**

विजयनगर साम्राज्य के राजकीय केन्द्र की प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिये।

**30.** (a) Explain the social implications of gender and varnas access to property and resources during ancient India. **8**

प्राचीन भारत में लैंगिक और वर्णों का संसाधनों और संपत्ति पर नियंत्रण होने के सामाजिक प्रभावों की व्याख्या कीजिये।

**OR/अथवा**

(b) Describe the insight of B.B. Lal in explaining the historical context of Mahabharata through archaelogical evidences. **8**

बी.बी.लाल द्वारा पुरातात्विक साक्ष्यों के माध्यम से महाभारत के ऐतिहासिक संदर्भ के बारे में दी गई अंतर्दृष्टि का वर्णन कीजिये।

## SECTION - D

## खंड – घ

### Source-Based Questions

### स्रोत-आधारित प्रश्न

**31. Read the following passage or source carefully and answer the following questions.** **1+1+2=4**

When a new felt (blanket/rug) has been made by a bhikkhu, it is to be kept for (at-least) six years. If after less than six years he should have another new felt (blanket/rug) made regardless of whether or not he has disposed of the first, then -unless he has been authorised by the bhikkhus - it is to be forfeited and confessed.

In case a bhikkhu arriving at a family residence is presented with cakes or cooked grain-meal, he may accept two or three bowlfuls if he so desires. If he should accept more than that, it is to be confessed. Having accepted the two or three bowlfuls and having taken them from there, he is to share them among the bhikkhus. This is the proper course here.

Should any bhikkhu, having set out bedding in a lodging belonging to the sangha - or having had it set out and then on departing neither put it away nor have it put away or should he go without taking leave, it is to be confessed.

(i) In which book the rules have been written for bhikkhus ? **1**

(ii) Define the term - 'Sangha'. **1**

(iii) Why were these rules framed for Bhikkhus ? **2**

**नीचे लिखे स्त्रोत को पढ़ें और ध्यानपूर्वक प्रश्नों के उत्तर दें।**

जब कोई भिक्खु एक नया कंबल या गलीचा बनाएगा, तो इसका प्रयोग उसे कम से कम छः वर्षों तक करना पड़ेगा। यदि छः वर्ष से कम अवधि में वह बिना भिक्खुओं की अनुमति के एक नया कंबल /गलीचा बनवाता हैं, तो चाहे उसने अपने पुराने कंबल / गलीचे को छोड़ दिया हो या नहीं – नया कंबल या गलीचा उससे ले लिया जाएगा और इसके लिए उसे अपराध स्वीकार करना पड़ेगा।

यदि कोई भिक्खु किसी गृहस्थ के घर जाता हैं, और उसे टिकिया या पके अनाज का भोजन दिया जाता हैं तो यदि उसे अच्छा लगे व इच्छा हो तो वह दो से तीन कटोरा भर ही स्वीकार कर सकता हैं। यदि वह इससे ज्यादा स्वीकार करता हैं, तो उसे अपना अपराध स्वीकार करना होगा। दो या तीन कटोरे पकवान स्वीकार करने के बाद उसे इन्हें अन्य भिक्खुओं के साथ बाँटना पड़ेगा। यही सम्यक आचरण हैं।

यदि कोई भिक्खु जो संघ के किसी विहार में ठहरा हुआ है, प्रस्थान से पहले अपने द्वारा बिछाए गए बिस्तरे को ना ही समेटता है, ना ही समेटवाता है या यदि बिना बिदाई लिए चला जाता है, तो उसे अपराध स्वीकार करना होगा।

(i) भिक्खुयों के लिए नियम किस पुस्तक में लिखे गए ? **1**

(ii) 'संघ'-शब्द को परिभाषित कीजिए। **1**

(iii) भिक्खुओं के लिये यह नियम क्यों बनाए गए ? **2**

**32. Read the following source and answer the questions carefully.** **1+1+2=4**

This is how Abu'l Fazl describes the transactions between the hill tribes and the plains in the Suba of Awadh.

From the northern mountains quantities of goods are carried on the backs of men of stout ponies and of goats, such as gold, copper, lead, musk, tails of the kutas cow (yak), honey, chuk, pomegranate seed, ginger, long chilly, majith, wax, woollen stuffs, woodenware, hawks, falcons, black falcons, merlins and other articles. In exchange they carry back white and coloured cloths, amber, salt, asafoetida, ornaments, glass and earthenware.

(i) Which book was written by Abu'l Fazl ? **1**

(ii) At present Awadh is a part of which state ? **1**

(iii) Explain the modes of transport described in this passage. **2**

**नीचे दिए गए स्त्रोत को ध्यान से पढ़ें तथा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दें।**

अवध सूबे के मैदानी इलाकों और पहाड़ी कबीलों के बीच होने वाले लेन-देन के बारे में अबुल फ़ज़ल ने कुछ इस तरह लिखा है :

उत्तर के पहाड़ों से इन्सानों, मोटे-मोटे घोड़ों और बकरों की पीठ पर लादकर बेशुमार सामान ले जाए जाते हैं, जैसे कि सोना, तांबा, सीसा, कस्तूरी, सुरागााय (याक) की पूँछ, शहद, चुक, अनारदाना, अदरख, लंबी मिर्च, मजीठ की जड़ें, सुहागा, ज़दवार, मोम, ऊनी कपड़े, लकड़ी के सामान, चील, बाज़, काले बाज़, मर्लिन और अन्य वस्तुएँ। इसके बदले, वे सफेद और रंगीन कपड़े, कहरूबा, नमक, हींग, गहने और शीशे व मिट्टी के बर्तन वापिस ले जाते हैं।

(i) अबुल फ़ज़ल द्वारा कौनसी पुस्तक लिखी गई ? **1**

(ii) आज के समय में अवध किस राज्य का हिस्सा है ? **1**

(iii) इस अनुच्छेद में वर्णित परिवहन के तरीकों की व्याख्या कीजिए। **2**

**33. Read the passage carefully and answer the following questions.** **1+1+2=4**

On 16th May 1875, the District Magistrate of Poona wrote to the Police Commissioner :

On arrival at Supa on Saturday 15 May, I learnt of the disturbance. One house of a moneylender was burnt down; about a dozen were forcibly broken into and completely gutted of their content, Account papers, bonds, grains, country cloth were burnt in the street where heaps of ashes are still to be seen.

The chief constable apprehended 50 persons Stolen property worth Rs 2000 was recovered. The estimated loss in over Rs 25,000. Moneylenders claim is over 1 lakh.

(Deccan Riot Commission)

(i) In which report this above incident was mentioned ? **1**

(ii) Who all were doing this revolt ? **1**

(iii) Why were account books of moneylenders burnt ? **2**

**निम्नलिखित स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दें।**

16 मई 1875 को, पूना के जिला मजिस्ट्रेट ने पुलिस आयुक्त को लिखा :

शनिवार दिनांक 15 मई को सूपा में आने पर मुझे इस उपद्रव का पता चला। एक साहूकार का घर पूरी तरह जला दिया गया, लगभग एक दर्जन मकानों को तोड़ दिया गया और उनमें घुसकर वहाँ के सारे सामान को आग लगा दी गई। खाते पत्र, बाँड, अनाज, देहाती कपड़ा, सड़कों पर लाकर जला दिया गया, जहाँ राख़ के ढेर अब भी देखे जा सकते हैं।

मुख्य कांस्टेबल ने 50 लोगों को गिरफ्तार किया। लगभग 2000 रु. का चोरी का माल छुड़ा लिया गया। अनुमानत: 25,000 रु. से अधिक की हानि हुई। साहूकारों का दावा है कि 1 लाख रु. से ज़्यादा का नुकसान हुआ है।

(दक्कन दंगा आयोग)

(i) किस रिपोर्ट में यह घटना उल्लेखित थी ? **1**

(ii) इस विद्रोह में हिस्सा लेने वाले लोग कौन थे ?स **1**

(iii) साहूकारों के बही खाते क्यों जला दिए गए थे ? **2**

## SECTION - E

## खंड – ङ

### Map Based Questions

### मानचित्र आधारित प्रश्न

**34.** 34.1 On the given political outline map of India, locate and label the following with appropriate symbol. **1+1+1=3**

भारत के दिए गए राजनीतिक मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिन्हों से दर्शाइये और उनके नाम लिखिए।

(i) Kalibangan - Mature Harappan site. **1**

कालीबंगन – विकसित हड़प्पा स्थल

(ii) Meerut pillar - Ashokan Inscription. **1**

मेरठ स्तंभ – अशोक अभिलेख

(iii) Panipat - A territory under Mughal. **1**

पानीपत – अकबर के अधीन मुगल क्षेत्र

**OR / अथवा**

Vijayanagar - Capital of Vijayanagar empire

विजयनगर – विजयनगर साम्राज्य की राजधानी

34.2 On the same outline map of India, two places of revolt of 1857 have been marked as A and B. Identify it and write their names on the lines drawn near them. **1+1=2**

भारत के इसी मानचित्र में 1857 के विद्रोह के दो केन्द्र A एवं B से अंकित हैं, इन्हें पहचानिए और इनके नाम समीप खींची गयी रेखाओं पर इनके नाम लिखिए।

**Note : The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 34.**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न 34 के विकल्प के रूप में दिए गए हैं।**

A. Name any two mature Harappan Sites. **1+1=2**

किन्हीं दो विकसित हड़प्पा पुरा स्थलों के नाम लिखिए।

B. Name any two major Buddhist sites. **1+1=2**

कोई दो प्रमुख बुद्ध स्थलों के नाम लिखिए।

C. (a) Name any one region under the control of Akbar. **1**

अकबर के अधीन किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए।

**OR/अथवा**

(b) Name the capital of Vijayanagara.

विजयनगर साम्राज्य की राजधानी का नाम लिखिए।

**- o O o -**

Map for Q.No. **34**.

नक्शा प्रश्न संख्या **34** के लिए।

